श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

विषय : दिनांक १९.०८.२०२५ को पूर्वाह्न ११.३० बजे आयोजित विद्या परिषद् की ग्यारहवीं बैठक का कार्यवृत्त।

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली की विद्या परिषद् की ग्यारहवीं बैठक दिनांक 19.08.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे कुलपति महोदय की अध्यक्षता में ऑफलाइन/ऑनलाइन माध्यम से सारस्वत समिति कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. मुरलीमनोहर पाठक | अध्यक्ष | |
| 2. प्रो. जयप्रकाश नारायण द्विवेदी | बाह्य सदस्य | |
| 3. प्रो. हिमांशु राय | बाह्य सदस्य | (ऑनलाईन) |
| 4. प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र | बाह्य सदस्य | (ऑनलाईन) |
| 5. प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी | सदस्य | |
| 6. प्रो. ए.एस. अरावमुदन | सदस्य | |
| 7. प्रो. रचना मोहन वर्मा | सदस्या | |
| 8. प्रो. मीनू कश्यप | सदस्या | (ऑनलाईन) |
| 9. प्रो. कल्पना जैन | सदस्या | |
| 10. प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल | सदस्य | |
| 11. प्रो. भागीरथि नन्द | सदस्य | |
| 12. प्रो. शुकदेव भोई | सदस्य | |
| 13. प्रो. सुदीप कुमार जैन | सदस्य | |
| 14. प्रो. वीर सागर जैन | सदस्य | |
| 15. प्रो. मारकण्डेनाथ तिवारी | सदस्य | |
| 16. प्रो. विनोद शर्मा | सदस्य | |
| 17. प्रो. मिनाक्षी मिश्र | सदस्य | |
| 18. प्रो. देवेन्द्र प्रसाद मिश्र | सदस्य | |
| 19. प्रो. दिवाकर दत्त शर्मा | सदस्य | |
| 20. प्रो. सुधांशुभूषण पंडा | सदस्य | |
| 21. प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा | सदस्य | |
| 22. प्रो. शिवशंकर मिश्र | सदस्य | |
| 23. प्रो. रामराज उपाध्याय | सदस्य | |
| 24. प्रो. राम चन्द्र शर्मा | सदस्य | |
| 25. प्रो. राम सलाही द्विवेदी | सदस्य | |
| 26. प्रो. जवाहर लाल | सदस्य | |
| 27. प्रो. सुमन कुमार झा | सदस्य | |

25. प्रो. राम सलाही द्विवेदी — सदस्य
26. प्रो. जवाहर लाल — सदस्य
27. प्रो. सुमन कुमार झा — सदस्य
28. प्रो. विष्णुपद महापात्र — सदस्य (ऑनलाईन)
29. प्रो. के. अनन्ता — सदस्य
30. प्रो. एस. सुदर्शन — सदस्य
31. प्रो. आदेश कुमार — सदस्य
32. प्रो. जगदेव कुमार शर्मा — सदस्य
33. डॉ. मनोज कुमार मीणा — सदस्य
34. डॉ. अभिषेक तिवारी — सदस्य
35. डॉ. सविता राय — सदस्य
36. श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव — कुलसचिव (प्रभारी) एवं सचिव

बैठक की कार्यवाही प्रो. रामसलाही द्विवेदी, विभागाध्यक्ष व्याकरण द्वारा मंगलाचरण से प्रारम्भ हुई । प्रो. मुरलीमनोहर पाठक, अध्यक्ष, विद्या परिषद् द्वारा बैठक में उपस्थित बाह्य विद्वानों एवं विश्वविद्यालय के सदस्यों का स्वागत किया गया तथा सभी सदस्यों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में अधिक से अधिक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध किया गया, जिससे विश्वविद्यालय अधिकाधिक उन्नति की ओर अग्रसर हो सके । तत्पश्चात कुलपति महोदय की स्वीकृति से कुलसचिव (प्रभारी) द्वारा विद्या परिषद् की ग्यारहवीं बैठक की कार्यसूची को निम्नानुसार प्रस्तुत किया ।

**संकल्प संख्या ११.१: विद्या परिषद् की दिनांक २४.०६.२०२४ को सम्पन्न नौवीं बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि। ।**

विद्या परिषद् द्वारा दिनांक 24.6.2024 को सम्पन्न हुई नौवीं बैठक में लिये गये निर्णयों/कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**संकल्प संख्या ११.२: विद्या परिषद् की दिनांक २४.०६.२०२४ को सम्पन्न हुई नौवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के प्रतिवेदन की पुष्टि।**

दिनांक 24.6.2024 को सम्पन्न हुई नौवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर क्रियान्वयन के विषय पर प्रस्तुत कृत कार्यवाही की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई । विद्या परिषद् द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि जिन विषयों पर कृत कार्यवाही किन्हीं कारणवश अभी तक अपेक्षित है, सम्बन्धित विभाग / समिति उन विषयों पर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करें ।

**संकल्प संख्या ११.३: विद्या परिषद् की दिनांक 04.10.2024 को सम्पन्न हुई दसवीं विशेष बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

विद्या परिषद् द्वारा दिनांक 04.10.2024 को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि की गयी।

संकल्प संख्या ११.४: विद्या परिषद् की 04.10.2024 को सम्पन्न हुई दसवीं विशेष बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के प्रतिवेदन की पुष्टि।

दिनांक 04.10.2024 को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर क्रियान्वयन के विषय पर प्रस्तुत कृत कार्यवाही की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई । विद्या परिषद् द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि जिन विषयों पर कृत कार्यवाही किन्हीं कारणवश अभी तक अपेक्षित है, सम्बन्धित विभाग / समिति उन विषयों पर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करें ।

**संकल्प संख्या ११.५: राष्ट्रीय प्रत्यायन एवं मूल्यांकन परिषद (NAAC) द्वारा विश्वविद्यालय को तृतीय चरण के अन्तर्गत प्रदान ग्रेड A++ से संबंधित प्रमाण-पत्र विद्या परिषद के सूचनार्थ प्रस्तुत ।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय प्रत्यायन एवं मूल्यांकन परिषद (NAAC) को तृतीय चरण के मूल्यांकन हेतु स्व-अध्ययन प्रतिवेदन (SSR), दिनांक 04.10.2024 को आयोजित विद्यापरिषद् की 10वीं विशेष बैठक की स्वीकृति अनुसार NAAC कार्यालय को प्रेषित किया गया था। तदुपरान्त, NAAC द्वारा गठित पियर टीम द्वारा विश्वविद्यालय में Hybrid Mode में (दिनांक 28 मई से 30 मई 2025 की अवधि में) निरीक्षण किया गया तथा मूल्यांकन के बाद विश्वविद्यालय को A++ ग्रेड मिला जो कि विश्वविद्यालय के लिए अत्यन्त गौरव का अवसर है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्या परिषद् द्वारा करतलध्वनि से स्वागत किया गया तथा विश्वविद्यालय को इस उपब्धि पर बधाई दी गई ।

**संकल्प संख्या ११.६: शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अस्थाई रूप से पंजीकृत शोध छात्रों के स्थाई पंजीकरण हेतु दिनांक 02 एवं 03 जून 2025 को आयोजित शोध मण्डल की बैठक का कार्यवृत्त विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में पंजीकरण हेतु शोध मण्डल की बैठक दिनांक 02 एवं 03 जून, 2025 को आयोजित की गई थी । शोध मण्डल के समक्ष सम्बन्धित विभागों में पंजीकृत शोध छात्रों द्वारा निर्धारित प्रक्रियानुसार प्रस्तुतीकरण किया गया। शोध मण्डल द्वारा विद्यावारिधि उपाधि हेतु प्रदत्त नियमों के अनुपालन में शोधार्थियों के स्थायी पंजीकरण की अनुशंसा की गयी। विद्या परिषद् द्वारा शोध मण्डल की बैठक में पारित संस्तुतियों तथा कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी ।

**संकल्प संख्या ११.७: शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नियमित एंव अंशकालीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु गठित समिति द्वारा तैयार शैक्षणिक नियम-परिचायिका विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नियमित एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक-नियम-परिचायिका तैयार करने हेतु गठित समिति द्वारा तैयार शैक्षणिक नियम-परिचायिका 2025-26 की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गयी।

संकल्प संख्या ११.८: शोध समीक्षा समिति की बैठकों में लिए गए निर्णयों का कार्यवृत्त विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

विद्या परिषद् द्वारा केन्द्रीय शोध समीक्षा समिति की बैठकों में लिये गये निर्णयों की पुष्टि की गयी। विद्या परिषद् द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि सभी पीठ प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष / मार्गनिर्देशक अपने-अपने विभाग में पंजीकृत शोध छात्रों को यू.जी.सी. द्वारा जारी विनियमों के संबंध में समय-समय पर जानकारी प्रदान करें ताकि शोध छात्र अपना शोध कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार पूर्ण करें।

**संकल्प संख्या ११.९: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक कैलेण्डर 2025-26 तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक का कार्यवृत्त विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक कैलेण्डर 2025-26 तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक के कार्यवृत्त की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गयी। विभागाध्यक्ष, धर्मशास्त्र विभाग द्वारा दिए गए सुझाव के संबंध में यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शैक्षणिक कैलेण्डर में यदि किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता है तो सम्बन्धित समिति की बैठक आयोजित कर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट कुलपति महोदय को स्वीकृत हेतु प्रेषित की जाए।

**संकल्प संख्या ११.१०: छात्रावास परिचय एवं नियमावली 2025-26 विद्यापरिषद की पुष्टि हेतु प्रस्तुत ।**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु छात्रावास परिचय एवं नियमावली तैयार करने के लिए गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णयों के कार्यवृत्त की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गयी ।

संकल्प संख्या ११.११: विश्वविद्यालय के छात्रावास के लिये किराये के आधार पर भवन लेने हेतु गठित समिति द्वारा आयोजित बैठक का कार्यवृत्त विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।

विश्वविद्यालय के छात्रावास के लिये किराये के आधार पर भवन लेने हेतु गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णयों के कार्यवृत्त को विद्या परिषद् द्वारा सैद्धान्तिक रूप से पुष्टि की गयी। विद्या परिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि छात्रावास भवन को किराए पर लेने हेतु गठित उप समिति का कार्यवृत्त विचारार्थ छात्रावास प्रबंधन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। छात्रावास प्रबंधन समिति द्वारा लिए गए निर्णयों को स्वीकृत करने हेतु अध्यक्ष विद्या परिषद् को अधिकृत किया जाता है।

संकल्प संख्या ११.१२: परीक्षा मण्डल की संस्तुति एवं कुलपति महोदय की स्वीकृति अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 से सम्बन्धित छात्रों की परीक्षाऐं शास्त्री एवं बी.ए. योग, आचार्य एवं एम.ए. (योग, हिन्दी, हिन्दू अध्ययन, अंग्रेजी, समाजशास्त्र), शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य के नियमित एवं पुनः परीक्षार्थियों के परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम की घोषणा, एवं अन्य विषयों से सम्बन्धित प्रस्ताव विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

परीक्षा' विभाग द्वारा सत्रीय परीक्षाएं आयोजित की गयीं। निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु परीक्षा मण्डल द्वारा लिए गए निर्णयानुसार, विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने तथा परीक्षा विभाग द्वारा विभाग से सम्बन्धित अन्य विषयों के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की भी पुष्टि की गयी।

**संकल्प संख्या ११.१३: शोधोपाधि समिति द्वारा संस्तुत दिनांक १.०७.२०२४ से ३१.७.२०२५ तक सम्पन्न बिद्यावारिधि (पीएच.डी.) के छात्रों के वाक् परीक्षा परिणाम की सूची, विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

शोध उपाधि समिति द्वारा संस्तुत दिनांक 1.07.2024 से 31.7.2025 तक सम्पन्न विद्यावारिधि (पीएच.डी.) के छात्रों के वाक् परीक्षा परिणाम की सूची तथा शोध छात्रों को जारी अस्थायी प्रमाण-पत्र की सूची विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई । विद्या परिषद् द्वारा यह सुझाव भी दिया गया कि शोध छात्रों को अपना शोध प्रबन्ध तैयार करते समय भाषा दक्षता तथा शोध प्रबन्ध तैयार करने हेतु निर्धारित सभी नियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करना अनिवार्य होगा। सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग में पंजीकृत शोध छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी "साहित्यिक चोरी रोकथाम विनियम" में प्रदत्त सभी नियमों तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों से भी अवगत करवाया जाए ताकि शोध छात्रों को अपना शोध प्रबन्ध तैयार करते समय किसी प्रकार की असुविधा या भ्रम की स्थिति न हो।

**संकल्प संख्या ११.१४: शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु छात्र परिषद् गठित करने हेतु समिति की बैठक का कार्यवृत्त विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

शैक्षणिक नियम परिचायिका 2024-25 में प्रदत्त नियमानुसार विश्वविद्यालय के सभी छात्रों में दृढ़-संकल्प एवं निष्ठापूर्वक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक-विकास के लिए, नियमित एवं संगठित-जीवन के लिए, अधिकारी, कर्मचारी एवं अध्यापक-वर्ग के साथ समन्वयात्मक-सम्बन्ध स्थापित करने के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए किये गये छात्रकल्याण-परिषद् के गठन की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ११.१५: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के गठन हेतु जारी सूचना, विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है। यह प्रकोष्ठ शोध विभाग के अन्तर्गत कार्य करेगा। प्रकोष्ठ के गठन हेतु जारी की गयी सूचना विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ११.१६: शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश के सम्बन्ध में गठित समिति द्वारा लिए गए निर्णयों का कार्यवृत्त विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिनांक 28.3.2024 को प्रकाशित सूचना के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विद्यावारिधि (पीएच.डी.) में प्रवेशार्थ NT. द्वारा आयोजित UGC-NET परीक्षा में प्राप्त अंको की वरीयता के आधार पर तथा निर्धारित प्रक्रियानुसार विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश किया गया जिसकी विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

विद्यापरिषद को यह भी अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता नेट (NET) परीक्षा के प्राप्तांकों के प्रतिशत की वरीयता के आधार पर निर्धारित प्रकिया के अनुसार प्रवेश प्रदान किया गया था । यह पाया गया कि पंजीकृत छात्रों की संख्या, निर्धारित सीटों/स्थानों की अपेक्षा में कम रही है ।

**अत: यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय द्वारा सभी विषयों में रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर लिखित प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा सकता है ।**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से पीठ प्रमुख, शिक्षा तथा प्रो. मीनाक्षी मिश्र द्वारा अवगत कराया गया कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में विद्यावारिधी पाठ्यकम में पंजीकरण की संख्या न्यून होने की स्थिति को संज्ञान में लेते हुये सुझाव दिया गया कि शिक्षाशास्त्र विषय में विद्यावारिधी पाठ्यकम में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रवेश अर्हता में संशोधन एवं नवीनीकरण करना वांछनीय है । यह निर्णय लिया गया कि इस संबंध में विचार विमर्श हेतु तीनों केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयों के सदस्यों सहित समिति का गठन करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया । उक्त समिति अपनी रिपोर्ट तैयार कर कुलपति महोदय को प्रस्तुत करेगी ।

**संकल्प संख्या ११.१७: समय समय पर आयोजित पीठ प्रमुखों की बैठक में लिये गये निर्णयों के कार्यवृत विद्या परिषद की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत ।**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन हेतु पीठप्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा समय समय पर आयोजित बैठकों में लिये गये निर्णयों के कार्यवृत आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किये जा चुके हैं । इन बैठकों में लिये गये निर्णयों के कार्यवृत्त, विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई तथा विद्या परिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि विभिन्न बैठकों में संस्तुत एवं अवशिष्ट शैक्षणिक विषयों से सम्बन्धित नीतिगत सुझावों को निर्धारित नियमानुसार क्रियान्वयन किया जाए।

**संकल्प संख्या ११.१८: समस्त पीठों के अंतर्गत सभी विभागों के गठित किये गये अध्ययन मण्डलों (द्वितीय चक्रानुसार) की सूचनाएं विद्या परिषद के सूचनार्थ सादर प्रस्तुत ।**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम - 2020 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अध्यादेश संख्या 13 के अनुसार सभी विभागों के नवीन अध्ययन मंडल का द्वितीय चक्रानुसार आगामी 03 वर्षो के लिए किये गये गठन की पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ११.१९: शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आधुनिक विषय पीठ के अन्तर्गत एम.ए. राजनीति विज्ञान संचालित करने के संबंध में की गई कार्यवाही विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

आधुनिक विद्या संकाय के मानविकी विभाग के अन्तर्गत राजनीति विज्ञान में एम.ए पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु विद्यापरिषद् की आयोजित 9वीं बैठक (संकल्प संख्या - 9.20) में स्वीकृति प्रदान की गयी थी। सम्बन्धित पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु अध्ययन मंडल द्वारा तैयार पाठ्यक्रम रूपरेखा एवं कार्यवृत्त तथा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एम.ए राजनीति विज्ञान में प्रवेश प्रक्रिया हेतु विश्वविद्यालय द्वारा की गई कृत कार्यवाही की विद्यापरिषद द्वारा पुष्टि की गयी।

**संकल्प संख्या ११.२०: शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ज्योतिष विभाग के अन्तर्गत संहिता ज्योतिष विषय में शास्त्री पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु की गई कार्यवाही विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

ज्योतिष विभाग के अन्तर्गत संहिता ज्योतिष विषय में शास्त्री पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु विद्यापरिषद् की आयोजित 9वीं बैठक (संकल्प संख्या - 9.21) में स्वीकृति प्रदान की गयी थी। सम्बन्धित पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु अध्ययन मंडल द्वारा तैयार पाठ्यक्रम, रूपरेखा एवं कार्यवृत्त सहित शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ज्योतिष विभाग के अन्तर्गत संहिता ज्योतिष विषय में शास्त्री पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया हेतु विश्वविद्यालय द्वारा की गई कृत कार्यवाही की, विद्यापरिषद द्वारा पुष्टि की गयी।

**संकल्प संख्या ११.२१: शोध विभाग द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार IKS PG पाठयक्रम आरम्भ करने के संबंध में गठित समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों के कार्यवृत विद्या परिषद की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत ।**

विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (IKS PG) आरम्भ करने से संबंधित विषयों पर विचार-विर्मश कर निर्णय लेने हेतु गठित समिति की दिनांक 24.06.2025 को आयोजित बैठक में लिये गये निर्णयों की विद्यापरिषद द्वारा पुष्टि की गयी। विश्वविद्यालय में IKS PG पाठयक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गयी । यह पाठ्यक्रम हिन्दु अध्ययन विभाग के अन्तर्गत संचालित किया जायेगा।

**संकल्प संख्या ११.२२: कुलानुशासक मण्डल की बैठकों में लिये गये निर्णयों के कार्यवृत्त विद्या परिषद की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कुलानुशासक मंडल का गठन किया गया है, नियमों को संज्ञान में लेते हुए समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा गठित कुलानुशासक मंडल की बैठकें आयोजित की गयी। बैठक में लिये गये निर्णयों की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गयी।

संकल्प संख्या ११.२३: सर्वदर्शन विभागाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार विश्वविद्यालय में 'भारतीय दार्शनिक ज्ञान परम्परा' एकवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालन सम्बन्धी प्रस्ताव विद्या परिषद के विचारार्थ सादर प्रस्तुत।

उक्त प्रस्ताव पर विचार विर्मश के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित प्रस्ताव को अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ सर्वप्रथम पीठप्रमुखों की बैठक में प्रस्तुत किया जाये तदुपरान्त पीठ प्रमुखों की बैठक में लिये गये निर्णयों का कार्यवृत्त विद्या परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

संकल्प संख्या ११.२४: शोध विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार विश्वविद्यालय में 'पाण्डुलिपि विज्ञान एवं लिपि विज्ञान' एकवर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के स्थान पर षाण्मासिक प्रमाण पत्रीय पाठयक्रम संचालित करने हेतु लिये गये निर्णय विद्या परिषद के विचारार्थ सादर प्रस्तुत।

शोध विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार विभाग द्वारा दिनांक 25.06.2025 को आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुसार प्रथम चरण में पी.जी डिप्लोमा के स्थान पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 'पुरालिपि एवं पाण्डुलिपि विज्ञान' षाण्मासिक प्रमाण पत्रीय पाठयक्रम को संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

**संकल्प संख्या ११.२५: केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट 2020 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा तैयार विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य विषयों से संबंधित अध्यादेश (Ordinance) एवं विनियम (Regulations) विद्या परिषद की संस्तुति हेतु प्रस्तुत।**

कार्यकारी परिषद की दिनांक 25.06.2025 को आयोजित 13वीं बैठक के संकल्प संख्या 13.4.3 के अनुसार, विशेषज्ञ समिति द्वारा दिनांक 11.08.2025 और 12.08.2025 को आयोजित अपनी बैठकों में विश्वविद्यालय के प्रस्तावित अध्यादेशों और विनियमों की विशेष समीक्षा कर, सम्बन्धित अध्यादेश एवं विनियमों को तैयार किया गया। विचार विर्मश के उपरान्त केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट 2020 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुपालन में विद्यापरिषद् द्वारा संस्तुति की गयी कि सम्बन्धित अध्यादेशों और विनियमों को आगामी कार्यपरिषद् की बैठक में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जाए।

**संकल्प संख्या ११.२६: जैन दर्शन विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार विभाग के अन्तर्गत MA जैन दर्शन पाठ्यक्रम संचालित करनें हेतु प्रस्ताव विद्या परिषद के विचारार्थ हेतु सादर प्रस्तुत।**

जैन दर्शन विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के सम्बन्ध में विचार विर्मश के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि छात्र संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए MA जैन दर्शन पाठ्यक्रम संचालित करने की सैद्धान्तिक अनुमति प्रदान की गयी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित नियमों को संज्ञान में लेते हुए विद्यापरिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया की पाठ्यक्रम रूपरेखा NEP 2020 के अनुरूप तथा अन्य विषयों पर कार्यवाही हेतु

अध्ययन मंडल की बैठक आयोजित कर कुलपति महोदय को प्रस्तुत की जाये, तदुपरान्त निर्धारित प्रक्रिया अनुसार अग्रिम कार्यवाही पूर्ण की जायेगी।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचारार्थ प्रस्तुत अन्य विषय:

11.27 विभागाध्यक्ष आधुनिक ज्ञान द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के संबंध में दिनांक 24.06.2024 को आयोजित विद्या परिषद् की नौवीं बैठक में लिये गये निर्णयों को संज्ञान में लेते हुये विभाग के अन्तर्गत एम.ए. (पर्यावरण) पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2025-26 से आरम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की गई । पाठ्यक्रम आरम्भ करने से पूर्व आवश्यक स्थान एवं अन्य संबंधित संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना संबंधित विभाग द्वारा अनिवार्य होगा।

11.28 मानविकी द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के संबंध में विभागाध्यक्ष मानविकी द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के संबंध में विद्या परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि संबंधित पाठ्यक्रमों को संचालित करने से संबंधित विस्तृत प्रस्ताव अवलोकनार्थ पीठ प्रमुखों की बैठक में प्रस्तुत किया जाए । नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी ।

11.29 विद्यापरिषद् की कार्यसूची के प्रस्तुतीकरण के उपरान्त समिति के सदस्यों द्वारा इस आशय पर ध्यान केन्द्रित किया गया कि विश्वविद्यालय के कुछ विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित प्रस्ताव संबंधित पीठप्रमुख के माध्यम से अग्रसारित/संस्तुत न करके सीधे कार्यालय में प्रस्तुत किये जाते है। अत: इस सम्बन्ध में समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित प्रस्तावों को सम्बन्धित पीठप्रमुखों से अग्रसारित कराने के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पीठप्रमुखों की बैठक में प्रस्तुत होने चाहिए। जिससे विद्यापरिषद् की कार्यसूची में एकरूपता का भाव बना रहे।

11.30 श्रीमती प्रीति दीक्षित पत्नी स्वर्गीय श्री पीयूषकान्त दीक्षित (न्याय विभाग) द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार प्रो. पी.के दीक्षित के नाम पर प्रतिवर्ष दर्शनशास्त्र पीठ में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को आचार्य **'आचार्यपीयूषकान्तदीक्षितस्वर्णपदक'** एवं आचार्य पीयूषकान्त दीक्षित जी के जन्मदिवस पर प्रतिवर्ष न्याय विभाग द्वारा **'आचार्यपीयूषकान्तदीक्षितस्मृतिव्याख्यानमाला'** आयोजित करने हेतु प्राप्त आवेदन पत्र पर विद्यापरषिद् द्वारा विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया गया कि **'आचार्यपीयूषकान्तदीक्षितस्वर्णपदक'** प्रदान करने हेतु निर्धारित राशि विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभाग में जमा करवाने हेतु पत्र जारी किया जाये तथा परीक्षा विभाग द्वारा दर्शनशास्त्र पीठ में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को आचार्य **'आचार्यपीयूषकान्तदीक्षितस्वर्णपदक'** प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही

सम्पन्न की जाये एवं पीयूषकान्त दीक्षित जी के जन्मदिवस पर प्रतिवर्ष न्याय विभाग द्वारा 'आचार्यपीयूषकान्तदीक्षितस्मृतिव्याख्यानमाला' विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार सम्पन्न किया जायेगा।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई ।

( संतोष कुमार श्रीवास्तव )
सचिव एवं कुलसचिव (प्रभारी)

( मुरलीमनोहर पाठक )
अध्यक्ष एवं कुलपति